सुपर-4 में आज श्रीलंका-बंगलादेश की टक्कर

भारत और पाकिस्तान कल दूसरे दौर में आमने-सामने होंगे

सवेरा न्यूज/एजैंसी

दुबई, 19 सितम्बर : श्रीलंका और बंगलादेश के बीच एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण की शुरुआत शनिवार को होगी। अबु

धाबी में ग्रुप स्टेज के दूसरे अंतिम मुकाबले में अफगानिस्तान को हराकर श्रीलंका ने न केवल उन्हें टूर्नामैंट से बाहर कर दिया, बल्कि ग्रुप बी से बंगलादेश के साथ अजेय रहते हुए अगले चरण में प्रवेश किया। वहीं, भारत और पाकिस्तान ने ग्रुप ए से पहले ही सुपर-4 में अपनी जगह पक्की कर ली थी। पाकिस्तान ने बुधवार को यूएई को हराकर यह सुनिश्चित किया। इसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामैंट का दूसरा मुकाबला 21 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा। भारत ने ग्रुप स्टेज में दुबई में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था और ओमान के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप मैच खेलने से पहले तक अजेय है। पाकिस्तान को सुपर फोर में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से पहले एक दिन का आराम मिलेगा, लेकिन बंगलादेश को लगातार 2 दिन खेलना होगा जिसमें 24 सितंबर को भारत से और 25 सितंबर को पाकिस्तान से, दोनों मुकाबले दुबई में होंगे। सुपर-4 चरण का आखिरी मुकाबला 26 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच दुबई में खेला जाएगा। इसके बाद शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को फाइनल में भिड़ेंगी, जो दुबई में ही होगा। ग्रुप स्टेज की कोई भी टीम अपने अंक सुपर-4 में लेकर नहीं जाएगी। सुपर-4 चरण की शुरुआत सभी टीमों के लिए शून्य से होगी।

3 जीत के साथ श्रीलंका का आत्मविश्वास चरम पर

सवेरा न्यूज/एजैंसी

दुबई, 19 सितंबर : श्रीलंका एशिया कप 2025 के सुपर फोर में अजेय रिकॉर्ड के साथ उतरेगा। चरित असालंका की टीम ने तीनों लीग मैच जीते हैं, जिनमें अफगानिस्तान पर 6 विकेट की ताजा जीत शामिल है। अब टीम दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम में बंगलादेश से भिड़ेगी। बंगलादेश ने पिछले मैच में अफगानिस्तान को रोमांचक अंदाज में हराकर क्वालीफाई किया। कप्तान लिटन दास जानते हैं कि अगर उन्हें लय में चल रहे श्रीलंका को टक्कर देनी है, तो बल्लेबाजों को निरंतरता और गेंदबाजों को अनुशासन दिखाना होगा।

पथुम निसंका (124 रन) और कुसल मेंडिस (74 रन) ने शीर्ष क्रम को स्थिरता दी है। कुसल परेरा, कामिल मेंडिस, दासुन शनाका और वानिंदु हसरंगा मध्य व निचले क्रम को गहराई देते हैं। गेंदबाजी में दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, हसरंगा और थीक्षाना ने भरोसा दिलाया है।

सलामी जोड़ी तंजीद हसन और सैफ हसन लय में हैं। मुस्तफिजुर रहमान की 4 विकेट वाली गेंदबाजी और नसुम अहमद का किफायती स्पेल टीम के लिए अहम रहेगा।

पिच और रणनीति

दुबई की पिच पर पहली पारी का औसत स्कोर 162 है। हाल के रिकॉर्ड देखते हुए कप्तान लक्ष्य का पीछा करना पसंद कर सकते हैं। नतीजा इस पर निर्भर करेगा कि बंगलादेश स्पिनरों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करता है और गेंदबाज कितनी जल्दी विकेट निकालते हैं।

संभावित प्लेइंग इलैवन

श्रीलंका: चरित असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिल मिशारा, कुसल परेरा, दासुन शनाका, कामिल मेंडिस, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा।

बंगलादेश: लिटन दास (कप्तान/विकेटकीपर), तंजीद हसन तमीम, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, नसुम अहमद, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद राज।

श्रीलंका के ऑलराउंडर वेल्लालागे पिता के निधन के कारण स्वदेश लौटे

सवेरा न्यूज/एजैंसी

अबुधाबी, 19 सितंबर : श्रीलंका के दुनीथ वेल्लालागे अपने पिता सुरंगा के निधन के कारण यहां चल रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामैंट के बीच से सदस्य लौट गए हैं। उनके पिता का निधन गुरुवार को हुआ। उसी दिन यह ऑलराउंडर यहां अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी लीग मैच खेल रहा था। वेल्लालागे को अपने पिता के निधन की खबर मैच के बाद ही पता चली और वह सबसे पहले उपलब्ध उड़ान से कोलंबो के लिए रवाना हो गए। सुरंगा का दिल का दौरा पड़ने से 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। यह स्पष्ट नहीं है कि यह 22 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामैंट में वापसी करेगा या नहीं। श्रीलंका सुपर 4 में अपना पहला मैच शनिवार को बंगलादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद उसका सामना 23 सितंबर को पाकिस्तान से और 26 सितंबर को भारत से होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 19 सितंबर : भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच शनिवार को तीसरा और अंतिम वनडे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज 1-1 से बराबर है और टीम इंडिया पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

न्यू चंडीगढ़ में खेले गए दूसरे वनडे में भारत ने 292 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने 91 गेंदों में 117 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया 40.5 ओवर में 190 रन पर सिमट गया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 3 और दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड की फिटनेस पर संदेह है, जबकि किम गार्थ की टीम में वापसी हो सकती है। भारत की बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल से उम्मीदें होंगी, वहीं गेंदबाजी में स्नेह राणा और क्रांति गौड़ अहम भूमिका निभा सकती हैं। 1978 से अब तक दोनों टीमों ने 58 वनडे खेले हैं, जिसमें भारत ने केवल 11 और ऑस्ट्रेलिया ने 47 मैच जीते हैं।

मौसम और प्रसारण

दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सैल्सियस रहने की संभावना है। बारिश की कोई आशंका नहीं है। मैच दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा, जिसका प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नैटवर्क पर और लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा पर उपलब्ध होगी।

पड्डिकल-जुरेल ने जड़े शतक, भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को दिया करारा जवाब

सवेरा न्यूज/एजैंसी

लखनऊ, 19 सितंबर : भारत-ए ने इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे अनाधिकारिक टैस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया-ए को जोरदार चुनौती दी। चौथे दिन मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी 531/7 पर घोषित की। देवदत्त पड्डिकल (150) और ध्रुव जुरेल (140) की शानदार पारियों ने टीम को मजबूत स्थिति दिलाई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया-ए ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 532/6 पर घोषित की थी। सैम कोंस्टास (109), कैंपबेल केल्लावे (88), जोश फिलिप (नाबाद 123), लियाम स्कॉट (81) और कूपर कोनोली (70) ने टीम को बड़ा स्कोर दिलाया। भारत की ओर से हर्ष दुबे ने 3 और गरनूर बरार ने 2 विकेट लिए। भारत-ए की शुरूआत अभिमन्यु ईश्वरन (44) और एन जगदीशन (64) ने 88 रन जोड़कर की। इसके बाद साई सुदर्शन (73) ने उपयोगी योगदान दिया। पड्डिकल और जुरेल की 228 रन की साझेदारी ने पारी को नई ऊंचाई दी। ऑस्ट्रेलिया-ए की ओर से कोरी रोचिसोली ने 3 विकेट लिए, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने दबदबा बनाए रखा।

कारोबार

जीएसटी दर कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा बड़ा असर : क्रिसिल

रेटिंग एजैंसी का अनुमान- 48,000 करोड़ रुपए का अल्पकालिक नुक्सान, लेकिन मध्यम अवधि में राजस्व मजबूत होगा

सवेरा न्यूज/एजैंसी

कोलकाता, 19 सितंबर : रेटिंग एजैंसी क्रिसिल ने कहा है कि जीएसटी दरों में हालिया कटौती से सरकार पर कोई बड़ा राजकोषीय बोझ नहीं आएगा। एजैंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, दर कटौती से अल्पावधि में करीब 48,000 करोड़ रुपए का राजस्व नुक्सान हो सकता है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपए था। यह नुकसान कुल संग्रह के मुकाबले बहुत कम है।

जीएसटी परिषद ने कर दरों को सरल बनाते हुए अब केवल दो स्लैब - 5% और 18% - रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से लागू होगा और इससे कई वस्तुएं-सुविधाएं सस्ती होंगी। क्रिसिल का मानना है कि नई दर संरचना से अधिक वस्तुएं और सेवाएं कर दायरे में आएंगी, जिससे मध्यम अवधि में राजस्व मजबूत होगा। ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसी नई सेवाओं को 18% जीएसटी के दायरे में शामिल किया गया है, जबकि मोबाइल शुल्क जैसी सेवाओं पर दरें जस की तस हैं।

एजैंसी ने कहा कि कर कटौती से उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी और मांग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, असर इस पर निर्भर करेगा कि कंपनियां उपभोक्ताओं तक कर लाभ कितनी हद तक पहुंचाती हैं।

जीएसटी में कटौती से कम होगा कर का बोझ, एमएसएमई होंगे मजबूत: रिपोर्ट

नई दिल्ली : सरकार की 'जीएसटी 2.0' घोषणा से परिवारों पर कर का बोझ कम होगा, छोटे और मझोले उद्यम (एमएसएमई) मजबूत होंगे और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को गति मिलेगी। उद्योग निकाय फिक्की ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, सुधारों के बाद 5 प्रतिशत कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी लगभग तिगुनी होकर 54 से बढ़कर 149 हो जाएगी। वहीं, ग्रामीण परिवारों के लिए छूट प्राप्त उत्पादों की हिस्सेदारी 56.3 प्रतिशत से बढ़कर 73.5 प्रतिशत और शहरी परिवारों के लिए 50.5 प्रतिशत से बढ़कर 66.2 प्रतिशत होने की संभावना है। फिक्की की समिति कैस्केड ने कहा कि इसके चलते ग्रामीण परिवारों की प्रभावी जीएसटी दर 6.03 से घटकर 4.27 प्रतिशत और शहरी परिवारों की दर 6.38 से घटकर 4.38 प्रतिशत रह गई है।

मुंबई बनी भारत की डेटा सैंटर राजधानी

सवेरा न्यूज (नई दिल्ली) 19 सितंबर : मुंबई देश की डेटा सैंटर राजधानी बन गया है। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की हिस्सेदारी भारत की कुल क्षमता में 40% और मौजूदा आईटी क्षमता में 44% तक पहुंच गई है। 2025 की पहली छमाही में मुंबई की क्षमता 14.3% बढ़कर 4 गीगावाट को पार कर गई, जिसमें 591 मेगावाट चालू, 185 मेगावाट निमार्णाधीन और 3.2 गीगावाट पाइपलाइन में है। भारत का डेटा सैंटर बाजार 2024 की दूसरी छमाही में 10 गीगावाट पार कर गया। मुंबई में फिलहाल 3 साइटें 2.5 मेगावाट से अधिक क्षमता वाले हाइपरस्केल डिप्लॉयमैंट का समर्थन करती हैं और एक साइट 10 मेगावाट से ज्यादा की क्षमता देती है। इसी बीच एनटीटी की 500 मेगावाट एनएवी2 परियोजना और ब्लैकस्टोन-पंचशील रियल्टी की 500 मेगावाट एआई सुविधा जैसी योजनाएं भी जारी हैं। हैदराबाद 2.1 गीगावाट क्षमता के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा डेटा सैंटर बाजार है और 2 नई परियोजनाओं के जरिये 500 मेगावाट से अधिक क्षमता जोड़ने की तैयारी में है। चेन्नई और बेंगलूर भी तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, पैमाने और गति के मामले में मुंबई सबसे आगे है।

अमरीका को सताने लगा मंदी का डर

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 19 सितंबर : भारत और अमरीका के बीच ट्रेड वार्ता शुरू हो चुकी है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि अमेरिका जल्द ही भारत पर टैरिफ को मौजूदा 50% से घटाकर 10-15% कर सकता है। यह भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और वैश्विक स्थिति का नतीजा है।

आईएमएफ के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.2% और 2026 में 6.3% की दर से बढ़ेगी। इसी दौरान वैश्विक विकास दर सिर्फ 3% के करीब रहेगी। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। जबकि फिच ने अनुमान लगाया है कि अमरीका की ग्रोथ 2025 में घटकर 1.6% रह सकती है।

- भारत के साथ व्यापार वार्ता में बनेगी 10-15 प्रतिशत टैरिफ पर बात

मैन्युफैक्चरिंग हब बनता भारत

भारत चीन के विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। टैस्ला, एप्पल और सैमीकंडक्टर कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। एप्पल ने वित्त वर्ष 2025 में 22 अरब डॉलर से अधिक के आईफोन भारत में असैंबल किए, जो पिछले साल से 60% ज्यादा है।

रिटेल मार्कीट का बढ़ता दायरा

डेलॉइट-फिक्की की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का रिटेल मार्कीट 2030 तक दोगुना होकर 1.93 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि अमरीका भारत के साथ टैरिफ कम करने की बातचीत में सक्रिय है।

ब्रिक्स की चुनौती और डॉलर पर दबाव

विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रेड डील की एक वजह ब्रिक्स देशों की करंसी योजना भी है, जिससे डॉलर की वैश्विक स्थिति को चुनौती मिल सकती है।

भविष्य की तस्वीर

ईवाई रिपोर्ट बताती है कि पीपीपी के आधार पर भारत 2038 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वार्ता में दोनों पक्षों ने सकारात्मक और भविष्य उन्मुख चचाएं कीं और जल्द ही समझौते पर सहमति की कोशिश होगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. **NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**
INITIAL PUBLIC OFFER OF EQUITY SHARES ON THE MAIN BOARD OF BSE LIMITED ("**BSE**") AND NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("**NSE**", AND TOGETHER WITH BSE, THE "**STOCK EXCHANGES**") IN COMPLIANCE WITH CHAPTER II OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("**SEBI ICDR REGULATIONS**").

SAATVIK
FOR A BETTER FUTURE

(Please scan this QR code to view the Corrigendum)

SAATVIK GREEN ENERGY LIMITED

Our Company was incorporated as 'Saatvik Green Energy Private Limited', a private limited company under the provisions of the Companies Act, 2013, pursuant to a certificate of incorporation dated May 29, 2015, issued by the Registrar of Companies, Chandigarh. Our Company was subsequently converted from a private company to a public company, pursuant to resolutions passed by our Board on September 20, 2024 and by our Shareholders dated September 21, 2024, consequent to which its name was changed to "Saatvik Green Energy Limited", and a fresh certificate of incorporation consequent upon conversion to public limited company was issued by the RoC on October 3, 2024. For further details, see "History and Certain Corporate Matters" on page 321 of the Red Herring Prospectus dated September 15, 2025 ("**RHP**" or "**Red Herring Prospectus**") filed with the RoC.

Corporate Identity Number: U40106HR2015PLC075578
Registered Office: Vill. Dubli, V.P.O, Bihta Tehsil, Ambala – 133 101, Haryana, India
Corporate Office: Tower A, IFFCO Complex, Plot No. 3, Institutional Area, Sector 32, Gurugram 122 001, Haryana, India
Contact Person: Bhagya Hasija, Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone:** 0124-3626755; **Email:** investors@saatvikgroup.com; **Website:** https://saatvikgroup.com/

CORRIGENDUM – NOTICE TO INVESTORS

This corrigendum dated September 19, 2025 ("**Corrigendum**") is with reference to the red herring prospectus dated September 15, 2025 ("**RHP**") in relation to the Offer. In this regard, attention of investors is drawn to the following statement disclosed in the section *"Objects of the Offer - Offer expenses"* on page 176 of the RHP, which shall be read as mentioned hereunder:

Uploading charges/ processing fees for applications made by UPI Bidders using the UPI Mechanism would be as follows:

*Members of the Syndicate /RTAs/ CDPs/ Registered Brokers**	*₹ 30.00 per valid application (plus applicable taxes) subject to a maximum cap of ₹5.00 million (plus applicable taxes)*
Kotak Mahindra Bank Limited	*₹ NIL per valid Bid cum Application Form (plus applicable taxes). The Sponsor Bank shall be responsible for making payments to third parties such as the remitter bank, the NPCI and such other parties as required in connection with the performance of its duties under applicable SEBI circulars, agreements and other Applicable Laws.*
HDFC Bank Limited	*₹ NIL per valid Bid cum Application Form (plus applicable taxes). The Sponsor Bank shall be responsible for making payments to third parties such as the remitter bank, the NPCI and such other parties as required in connection with the performance of its duties under applicable SEBI circulars, agreements and other Applicable Laws.*

**The total uploading charges / processing fees payable for applications made by UPI Bidders will be subject to a maximum cap of ₹5.00 million (plus applicable taxes). In case the total uploading charges/ processing fees payable exceeds ₹5.00 million (plus applicable taxes) then the amount payable for using UPI Mechanism would be proportionately distributed based on the number of valid applications such that the total uploading charges / processing fees payable does not exceed ₹5.00 million (plus applicable taxes).*

The above notice shall be read in conjunction with the RHP, advertisements, the Bid cum Application Forms and the Abridged Prospectus, and the above disclosure will be included in the Prospectus to be filed by our Company with the RoC, SEBI and the Stock Exchanges, including in the section titled *"Objects of the Offer"*.

All capitalised terms used in this addendum shall unless the context otherwise requires, have the same meanings as ascribed in the RHP.

BOOK RUNNING LEAD MANAGERS			REGISTRAR TO THE OFFER
DAM CAPITAL	AMBIT Acumen at work	motilal oswal Wealth Management	KFINTECH
DAM Capital Advisors Limited Altimus 2202, Level 22, Pandurang Budhkar Marg, Worli, Mumbai – 400 018, Maharashtra, India **Telephone:** +91 22 4202 2500 **E-mail:** saatvik.ipo@damcapital.in **Investor Grievance ID:** complaint@damcapital.in **Website:** www.damcapital.in **Contact person:** Chandresh Sharma / Puneet Agnihotri **SEBI Registration No.:** MB/INM000011336	**Ambit Private Limited** Ambit House, 449, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai 400 013, Maharashtra, India **Telephone:** + 91 22 6623 3030 **E-mail:** saatvik.ipo@ambit.co **Investor Grievance ID:** customerservicemb@ambit.co **Website:** www.ambit.co **Contact person:** Anmol Modi **SEBI Registration No.:** INM000010585	**Motilal Oswal Investment Advisors Limited** Motilal Oswal Tower, Rahimtullah, Sayani Road, Opposite Parel ST Depot, Prabhadevi, Mumbai 400 025, Maharashtra, India **Telephone:** +91 22 7193 4380 **E-mail:** saatvik.ipo@motilaloswal.com **Investor Grievance ID:** moiaplredressal@motilaloswal.com **Website:** www.motilaloswalgroup.com **Contact person:** Sukant Goel / Ronak Shah **SEBI Registration No.:** INM000011005	**KFin Technologies Limited** Selenium Tower B, Plot No. 31 and 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddi – 500 032, Telangana, India **Telephone:** +91 40 67162222 **E-mail:** saatvik.ipo@kfintech.com **Investor Grievance ID:** einward.ris@kfintech.com **Website:** www.kfintech.com **Contact person:** M. Murali Krishna **SEBI Registration No.:** INR000000221

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

Bhagya Hasija
Tower A, IFFCO Complex, Plot No. 3, Institutional Area, Sector 32, Gurugram 122 001, Haryana, India; **Telephone:** 0124 3626755, **E-mail:** investors@saatvikgroup.com

Investors can contact the Registrar to the Offer or Company Secretary and Compliance Officer in case of any pre or post-Offer related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders, non-receipt of funds by electronic mode and unblocking of funds. For all Offer related queries and for redressal of complaints, investors may also write to BRLMs.

For **SAATVIK GREEN ENERGY LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Bhagya Hasija
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Ambala, Haryana
Date: September 19, 2025

SAATVIK GREEN ENERGY LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offer of its Equity Shares and has filed the RHP with the RoC and the Stock Exchanges. The RHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com, the websites of the BRLMs, i.e. DAM Capital Advisors Limited at www.damcapital.in, Ambit Private Limited at www.ambit.co, Motilal Oswal Investment Advisors Limited at www.motilaloswalgroup.com and the website of our Company at https://saatvikgroup.com/. Potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see the section titled *"Risk Factors"* beginning on page 52 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decision and should instead only rely on the RHP, for making an investment decision.

The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended, or any state securities laws in the United States, and unless so registered may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold outside of the United States in 'offshore transactions' as defined in and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdiction where those offers and sales occur.

Adfactors